देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 292 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...राजनीति अपनी जगह

# पेज श्री

देहरादून, बुधवार, 1 जनवरी 2020

2020 — HAPPY NEW YEAR —

सभी देशवासियों को पेज श्री परिवार की ओर से नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं।



## संक्षिप्त समाचार

### प्रगति मैदान मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर सुप्रीम कोर्ट किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली सरकार की नामकरण समिति ने प्रगति मैदान मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन करने का मंगलवार को फैसला किया। इस बाबत घोषणा करते हुए दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि समिति ने अपनी बैठक में मुकरबा चौक और इसके फ्लाईओवर का नाम करगिल युद्ध में शहीद हुए कैप्टन विक्रम बत्रा के नाम पर रखने का फैसला किया है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बताया कि बदरपुर–मेहरौली रोड का नाम बदलकर आचार्य श्री महाप्रज्ञा मार्ग कर दिया जाएगा।

### केंद्र सरकार के स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर फिर टॉप पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इंदौर। स्वच्छता के मामले में इंदौर ने एक बार फिर बाजी मार ली है। मंगलवार को यहां केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय ने इंदौर को लगातार चौथी बार देश का सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया। इंदौर के बाद दूसरे स्थान पर गुजरात का राजकोट और तीसरा सबसे स्वच्छ शहर नवी मुंबई है। शहरी विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हरदीप पुरी ने हर तीन महीने पर जारी होने वाली स्वच्छ सर्वेक्षण रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल पिछली तिमाही में दूसरा सबसे स्वच्छ शहर था, लेकिन इस बार तीन पायदान नीचे खिसक कर पांचवें स्थान पर पहुंच गया है।

### नाम बदलकर फिरोज प्रियंका लिखें प्रियंका गांधी: ज्योति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लखनऊ। भगवा कपड़े को लेकर सीएम योगी पर निशाना साधने वाली कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी अब बीजेपी नेताओं के निशाने पर आ गई हैं। प्रियंका गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने एक विवादित टिप्पणी की है। निरंजन ज्योति ने कहा है कि प्रियंका नकली गांधी हैं और उन्हें अपने नाम के साथ अपने दादा फिरोज गांधी का नाम जोड़कर लिखना चाहिए।

# पाक पर गरजे नए आर्मी चीफ

## मनोज मुकुंद नरवणे ने संभाली सेना की कमान

■कश्मीर–चीन बॉर्डर पर रहे हैं तैनात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय थलसेना को नया मुखिया मिल गया है। मंगलवार को लेफ्टिनेंट जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने थलसेना की कमान संभाली। नरवणे ने जनरल बिपिन रावत का स्थान लिया, जो तीन साल तक सेना प्रमुख रहने के बाद देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) नियुक्त किए गए हैं। नई दिल्ली के सेना भवन में रावत ने परंपरा के तहत बैटन सौंपकर नरवणे को चार्ज सौंपा। महाराष्ट्र से ताल्लुक रखनेवाले नरवणे को मुश्किल मोर्चे पर सफलता और बेहतरीन नेतृत्व क्षमता के लिए जाना जाता है। इसके साथ ही नए आर्मी चीफ अपने सहकर्मियों और स्टाफ के बीच साफ छवि और अच्छे व्यवहार के कारण काफी लोकप्रिय हैं। चीन के साथ जुड़े सुरक्षा मामलों पर भी जनरल नरवणे की मजबूत पकड़ है।



### नए आर्मी चीफ नरवणे की चेतावनी

देश के नए आर्मी चीफ मनोज मुकुंद नरवणे ने पद संभालते ही आज पड़ोसी देश पाकिस्तान को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर वह राज्य प्रायोजित आतंकवाद को नहीं रोकता है तो भारत के पास ऐहतियातन आतंकी अड्डों पर हमले करने का अधिकार है। पाकिस्तान के उकसावे या उसके द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के किसी भी कृत्य का जवाब देने के लिए कई सारे विकल्प मौजूद हैं। पाकिस्तान आतंकवाद के जरिए अधिक समय तक छद्म युद्ध नहीं चला सकता है।

**चीन से जुड़े मामलों पर मजबूत पकड़:** नरवणे को चीन सीमा पर काम करने का अच्छा अनुभव है। वह सितंबर में सेना उप–प्रमुख बनने से पहले सेना के ईस्टर्न कमान के प्रमुख थे, जो चीन के साथ लगती करीब चार हजार किलोमीटर लंबी सीमा की देखभाल करती है।

**जम्मू-कश्मीर और नॉर्थ-ईस्ट में भी रहे तैनात:** अपने 37 वर्षों के सेवाकाल में नरवणे जम्मू–कश्मीर और पूर्वोत्तर में कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे। जम्मू–कश्मीर में राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन की कमान संभाली और पूर्वी मोर्चे पर इन्फैन्ट्री ब्रिगेड का नेतृत्व किया। वह श्रीलंका में भारतीय शांति रक्षक बल का हिस्सा थे और तीन वर्षों तक म्यामांर स्थित भारतीय दूतावास में रक्षा अताशे रहे।

### ऐडमिरल, एयर चीफ मार्शल और नेक्स्ट जनरल तीनों ही बैचमेट

लेफ्टिनेंट जनरल मनोज मुकुंद नरवणे आज 31 दिसंबर को आर्मी चीफ के तौर पर जनरल बिपिन रावत की जगह ली। इसके साथ ही वह एनडीए के अपने कोर्समेट–ऐडमिरल करमबीर सिंह और एयर चीफ मार्शल राकेश कुमार सिंह भदौरिया के साथ मिलकर देश की सेनाओं के शीर्ष पर हैं। ऐडमिरल सिंह 31 मई को देश के 24वें नेवी चीफ बने थे और उनके वाइट यूनिफॉर्म पर हेलिकॉप्टर पायलट का विंग शोभा बढ़ाता है। एयर चीफ मार्शल भदौरिया 30 सितंबर को एयर फोर्स के चीफ बने थे और उनके भी ब्लू यूनिफॉर्म पर फाइटर पायलट का विंग शान से दिखता है।

### जम्मू और कश्मीर को नए साल का तोहफा

श्रीनगर। सरकार ने जम्मू और कश्मीर को नए साल का तोहफा दिया है। राज्य में आज आधी रात से एसएमएस सेवाएं चालू हो जाएंगी। जम्मू कश्मीर के प्रमुख सचिव रोहित कंसल ने इस बात की जानकारी दी। पूरे जम्मू और कश्मीर में सभी नेटवर्क और लैंडलाइन कनेक्शन को 5 अगस्त को सस्पेंड कर दिया गया था। इसके साथ ही कंसल ने बताया, कैद किए गए नेताओं को छोड़ने का फैसला स्थानीय प्रशासन का होगा। सरकारी अस्पतालों के साथ ही स्कूलों में भी ब्रॉडबैंड सेवाएं भी जल्द ही शुरू कर दी जाएंगी। कश्मीर में 5 अगस्त को मोबाइल सेवाओं पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, जब सरकार ने राज्य का विशेष दर्जा समाप्त कर उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था।

# हिंसा की कीमत चुकानी पड़ेगी!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ विरोध के नाम पर यूपी में हुई हिंसा के मामले में योगी सरकार ने बड़ा फैसला किया है। हिंसा की साजिश में शामिल होने के आरोपी कट्टरपंथी संगठन पॉप्युलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर सरकार ने प्रतिबंध लगाने की तैयारी की है। खुद उत्तर प्रदेश के डेप्युटी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सरकार के इस फैसले की पुष्टि की है। डेप्युटी सीएम ने कहा है कि पीएफआई का हाथ हिंसा की तमाम घटनाओं में सामने आया है और इस संगठन में सिमी के लोग ही शामिल हैं। ऐसे में अगर सिमी भी रूप में उभरने का प्रयास करेगा तो उसे कुचल दिया जाएगा।

### पीएफआई में सिमी के ही लोग, सरकार लगाएगी प्रतिबंध: केशव प्रसाद मौर्य

यूपी में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ राज्यभर में हुए प्रदर्शनों के दौरान हिंसक वारदातों को अंजाम देने में इस संगठन की संलिप्तता का पता चला है। खुफिया रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में पीएफआई की भी बड़ी भूमिका थी। मंगलवार को योगी सरकार की बैठक के बीच ही प्रदेश के डेप्युटी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने इस बात की पुष्टि की है कि सरकार पीएफआई पर प्रतिबंध लगाने जा रही है।

**डीजीपी ने गृह मंत्रालय को लिखी चिट्ठी:** केशव प्रसाद मौर्य के ऐलान के साथ ही यूपी के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर पीएफआई पर बैन लगाने की सिफारिश की है। डीजीपी की ओर से यह पत्र 20 दिसंबर को उत्तर प्रदेश में हुई हिंसा की घटनाओं के बाद गृह मंत्रालय को भेजा गया है।

### पीएफआई के खिलाफ मिले सबूत

नागरिकता कानून के खिलाफ देश में प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा के कई मामलों में पीएफआई नेताओं के खिलाफ सबूत पाए गए हैं। अब तक पीएफआई के लगभग 20 सदस्यों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें पीएफआई की राजनीतिक शाखा एसडीपीआई का प्रदेश अध्यक्ष नूर हसन भी शामिल है। लखनऊ पुलिस ने पीएफआई के प्रदेश संयोजक वसीम अहमद समेत अन्य पदाधिकारियों को भी शहर में बड़े पैमाने पर हिंसा और आगजनी करने के मामले में गिरफ्तार किया था।

# मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने दी प्रदेशवासियों को नववर्ष की शुभकामना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने प्रदेशवासियों को नववर्ष 2020 की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। नववर्ष की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों के सुख, शांति व समृद्धि की कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके द्वारा मन, वचन एवं कर्म से प्रदेश की सेवा का धर्म निभाने का प्रयास किया जा रहा है। वर्ष 2019 में हमने प्रदेश के समग्र विकास व आम आदमी तक जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का प्रयास किया है। हमारा प्रयास योजनाओं के धरातलीय क्रियान्वयन का है।

# जेडीयू–बीजेपी में बढ़ी रार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। बिहार में बीजेपी और जेडीयू में फिर से रार बढ़ती दिख रही है। जेडीयू नेता प्रशांत किशोर ने राज्य के डेप्युटी सीएम सुशील कुमार मोदी को परिस्थितिवश डेप्युटी सीएम बताते हुए तंज कसा है। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) पर पार्टी लाइन से अलग बयान देने वाले प्रशांत के इस बयान के बाद बीजेपी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। बीजेपी ने प्रशांत को इस तरह के बयान से बचने की सलाह दे दी। इधर, इन सब बवाल के बीच सीएम नीतीश कुमार ने साफ किया है कि गठबंधन में सब ठीक है।

प्रशांत किशोर ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से लिखा, बिहार में नीतीश कुमार का नेतृत्व और जेडीयू की सबसे बड़े दल की भूमिका बिहार की जनता ने तय किया है, किसी दूसरी पार्टी के नेता या शीर्ष नेतृत्व ने नहीं।

### तंज

■प्रशांत का सुशील मोदी पर तंज, नीतीश बोले–सब ठीक है

**प्रशांत का सुशील मोदी पर तंज**

जेडीयू उपाध्यक्ष प्रशांत किशोर ने डेप्युटी सीएम सुशील मोदी पर निशाना साधते हुए उन्हें परिस्थितियों का डेप्युटी सीएम बताया है। प्रशांत किशोर ने तंज कसते हुए कहा है कि परिस्थितिवश डेप्युटी सीएम बनने वाले सुशील मोदी से राजनीतिक मर्यादा और विचारधारा पर लेक्चर सुनना सुखद अनुभव है।

**नीतीश बोले-सब ठीक है**

इधर, बढ़ती तल्खी के बीच सीएम नीतीश कुमार ने गठबंधन में सब ठीक होने का दावा किया है। आज एक कार्यक्रम में जब उनसे बीजेपी–जेडीयू में तल्खी को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि सब ठीक है।

### पार्टी में ही उठे विरोध के सुर

हालांकि प्रशांत किशोर के इस प्रस्ताव में पार्टी में ही असहमति के स्वर उठने लगे। जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) एवं राज्यसभा में पार्टी के नेता आरसीपी सिंह ने पार्टी उपाध्यक्ष किशोर के सीट बंटवारे के फॉर्म्युले पर कहा था कुछ लोगों की हर समय बयान देने की आदत होती है। उन्होंने आगे कहा था, मेरे पास उनके बारे में कहने के लिए ज्यादा कुछ नहीं है लेकिन यह असमय है। उन्हें समय से पहले ऐसे विषय उठाने से बचना चाहिए।'

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in